





# नौतपा का पहले दिन रहा असर, तापमान 44 डिग्री के पार

## सड़कों में रहा सन्नाटा, शाम ढलने के बाद भी नहीं मिली राहत, दिन भर चली गर्म हवाएं



नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 मई, सोमवार से नौतपा की शुरू हुई, पहले दिन नौतपा का असर रहा. सुबह से ही आसमान से आग बरसती रही और गर्म हवाओ ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया. देर शाम तक गर्म हवाओं का असर रहा, शाम ढ़लने के बाद भी गर्मी रही. पहले दिन तापमान 44.6 डिग्री पर पहुंच गया, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा.**

मौसम विभाग की माने तो आने वाले एक-दो दिन मे तापमान में गिरावट की संभावना है. पहले दिन नौतपा का असर रहा. दिन भर गर्म हवाएं 12 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही. गौरतलब है कि इस बार अप्रैल और मई के महीने में भीषण गर्मी पड़ी. इस माह के प्रथम सप्ताह में आंधी-बारिश हुई लेकिन दूसरे सप्ताह से गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया और तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया. सोमवार से नौतपा ने दस्तक दी, पहला दिन खूब तपा. सुबह 7 बजे से तेज धूप थी और दोपहर तक धूप और लू का असर यह रहा कि सड़को पर सन्नाटा देखने को मिला, लोग घरो से बाहर नही निकले. शहर की जो सड़के दोपहर जाम के हवाले रहती थी वहा सन्नाटा देखने को मिला. चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मी भी धूप और लू से बचते हुए छांव में बैठे नजर आये. दरअसल आसमान से आग बरस रही है और ऐसे में सभी को धूप से बचना चाहिए. दोपहर सड़को में सन्नाटा देखने को मिला और शाम 5 बजे के बाद वाहनो की आवाजाही शुरू हुई. नौ दिन तक अभी इसी तरह गर्मी रहेगी. मानसून के आने के बाद ही राहत मिल सकती है. भीषण गर्मी से सभी लोग बेहाल है पशु-पक्षी भी हलाकान है पर अभी राहत मिलने की उम्मीद नही है. 2 जून के बाद ही कुछ हद तक राहत मिल सकती है. इस बार अप्रैल से ही भीषण गर्मी शुरू हो गई थी और सीजन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री रहा है. उम्मीद है कि नौतपा के अंत तक 47 डिग्री पारा पहुंच सकता है.

### धूप और लू से करें बचाव

भीषण गर्मी के बीच धूप और लू से बचना चाहिये, अति आवश्यक हो तभी दोपहर को घरो से बाहर निकले, अगर निकले तो सर ढ़क कर निकले. लू लगती है तो सीधे अस्पताल पहुंचे और किसी तरह की लापरवाही न बरते, पर्याप्त पानी पिये और ठंडी चीजों का सेवन करे. इस समय संजय गांधी अस्पताल, जिला चिकित्सालय से लेकर जिले भर के अस्पतालो में बुखार, सर्दी जुखाम, पीलिया एवं लू लगने से मरीज अस्पतालो में भर्ती है, जहा बेड़ भर चुके है. लगातार ओपीडी में मरीजो की संख्या बढ़ती जा रही है. 20 दिन की गर्मी अभी और है नौतपा के बाद से बूंदाबांदी शुरू होगी और भीषण गर्मी से राहत मिलेगी.



## वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले पत्थरबाज छात्रों का पुलिस ने निकाला जुलूस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 मई, रीवा पुलिस ने सडक पर उपद्रव करने वाले पत्थरबाज छात्रों को गिरफ्तार पैदल जुलूस निकालते हुए उन्हे कोर्ट पहुंचा है. पकड़े गए आरोपी कॉलेज के स्टूडेंट बताए गए हैं, जिन्होंने बीते दिवस सड़क पर वाहनों को रोककर न सिर्फ तोड़फोड़ की बल्कि पत्थर बाजी करते हुए जमकर उपद्रव मचाया था.**

पुलिस ने फिलहाल आधा दर्जन से अधिक छात्रों को गिरफ्तार कर न सिर्फ उनकी लौ उतारी है, बल्कि जुलूस की शक्ल में उन्हें पैदल कोर्ट तक पहुंचा है. दरअसल मामला रीवा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित एजी कॉलेज के समीप का है, जहां दो दिन पूर्व नशे की हालत में कुछ उपद्रवी छात्रों ने देर रात सड़क से गुजर रहे एक डंपर वाहन को रोककर चालक से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की और जब चालक ने पैसे नहीं दिए तो वाहन में तोड़फोड़ करते हुए जमकर पत्थर बाजी की थी. वही उपद्रवी छात्रों ने डंपर के साथ-साथ मार्ग से गुजर रहे अन्य वाहनों में भी पत्थरबाजी कर उन्हे क्षतिग्रस्त कर दिया था. फिलहाल दो दिन पूर्व देर रात हुई इस घटना के बाद से पुलिस उपद्रवी छात्रों की तलाश कर रही थी, जिन्हें गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया गया. पकड़े गये आरोपियों में सुनील डावर, राम यादव, अर्पित चौराहा, लवलेश मालवीय, रामनिवास पाटीदार सहित अन्य शामिल है, जो कृषि महाविद्यालय के छात्रावास में रह रहे थे.

## रीवा जोन के सभी थानों में जन चौपाल आज लगेगी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 मई, पुलिस जन संवाद के लिए संभाग के सभी थानों में आज जन चौपाल लगेगी. जहा समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जायेगा साथ ही सुझाव भी लिये जाएगे.**



पुलिस विभाग तथा आमजनता के बीच संवाद के लिए रीवा जोन के सभी थानों में 26 मई को शाम 4.30 बजे से जन चौपाल-2 का आयोजन किया जा रहा है.

इस संबंध में आईजी गौरव राजपूत ने बताया कि सभी थानों में जन चौपाल का आयोजन करके आमजनों से संवाद किया जाएगा. जन चौपाल में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर रोकथाम, साइबर फ्राड को रोकने के प्रयासों, महिला उत्पीड़न तथा महिलाओं से जुड़े अपराधों पर नियंत्रण तथा कानून और व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में चर्चा की जाएगी. श्री राजपूत ने आमजनता से अपने निकटवर्ती थाने में आयोजित जन चौपाल में शामिल होकर अपराधों की रोकथाम तथा कानून और व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में उपयोगी सुझाव देने की अपील की है.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री ने आर्यिका माताओं को दी श्रद्धांजलि

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जैन मंदिर पहुंचकर उपशममति माता जी एवं श्रुतमति माता जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि दोनों आर्यिका माताओं का असमय देवलोक गमन अत्यंत दु:खद एवं अपूर्णनीय क्षति है. उनका संपूर्ण जीवन त्याग, तप, स्वाध्याय और साधना का प्रेरणा स्त्रोत रहा है. वे सदैव धर्म, संयम और आत्मकल्याण की भावना से समाज का मार्गदर्शन करती रहीं है. उनका मार्गदर्शन हमें प्रेरणादेता रहेगा. श्री शुक्ल ने जैन मंदिर में भगवान के दर्शन किये तथा विराजमान माताओं का आशिर्वाद प्राप्त किया.

### बाढ़ -आपदा नियंत्रण की बैठक आज

**रीवा,** बाढ़ नियंत्रण-आपदा नियंत्रण के संबंध में 26 मई को बैठक का आयोजन किया गया है. कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 4 बजे से आयोजित बैठक में अतिवर्षा बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति से निपटने हेतु पूर्व तैयारियों की समीक्षा की जायेगी. विभागीय अधिकारियों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### अमहिया पुलिस ने लौटाई रोती मां की मुस्कान

**रीवा,** थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रवाल तथा पुलिस टीम द्वारा 07 मई को अपहृत बालिका को दस्तयाब कर सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया गया. फरियादिया द्वारा थाना उपस्थित आकर अपनी नाबालिक बच्ची के घर से बिना बताए सुभाष चौक सिरमौर चौराहा से ऑटो में बैठकर चले जाने संबंधी रिपोर्ट थाना अमहिया में लेख कराई थी. जिस पर थाना अमहिया में अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था. जिसमें कार्यवाही करते हुए अपहृत बालिका को ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से सकुशल दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया है.

### कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण आज से होगा शुरू

**रीवा,** संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रीवा एवं मऊगंज जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं मण्डलम अध्यक्षों का 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 एवं 27 मई 2026 को करहिया स्थित शार्क इन होटल मे आयोजित किया जा रहा हैं. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने प्रशिक्षण के संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि 26 मई को सुबह सभी प्रशिक्षाणार्थियों को ठीक 09:00 बजे प्रशिक्षण स्थल शार्क इन होटल मे पहुंचना होगा, पहला सत्र दोपहर 01:30 बजे तक चलेगा, 01:30 बजे से 02:30 बजे तक भोजनअवकाश के पश्चात प्रशिक्षण का द्वितीय सत्र प्रारंभ होगा. द्वितीय सत्र के पश्चात रात्रि भोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद रात्रि विश्राम होगा. 27 मई 2026 को पुन: 07:00 बजे से प्रशिक्षण का कार्यक्रम प्रारंभ होकर सायं 05:00 बजे समापन होगा. श्री शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षाणार्थियों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी मध्यप्रदेश हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व मंत्री सी डब्लू सी सदस्य कमलेश्वर पटेल, प्रशिक्षण प्रदेश महामंत्री संगठन प्रभारी संजय कामले, प्रभारी महेन्द्र जोशी, रणविजय सिंह लोचव राष्ट्रीय सचिव, राज्यसभा सदस्य विवेक तंखा, पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, ललित सेन आदि वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षाणार्थियों को विभिन्न मुद्दो पर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा.

### कांग्रेस भवन का भूमि पूजन कल

**रीवा,** बहुप्रतीक्षित घोघर स्थितबैजू धर्मशाला के समीप नवनिर्मित होने जा रहे कांग्रेस भवन का गरिमामयी भूमिपूजन एवं शिलान्यास 27 मई को पूर्वान्ह 11:00 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी मध्यप्रदेश हरीश चौधरी, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के कर कमलों द्वारा पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व मंत्री सी डब्लू सी सदस्य कमलेश्वर पटेल, प्रशिक्षण प्रदेश महामंत्री संगठन प्रभारी संजय कामले, प्रभारी महेन्द्र जोशी, रणविजय सिंह लोचव राष्ट्रीय सचिव, राज्यसभा सदस्य विवेक तंखा, पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, ललित सेनसहित वरिष्ठ नेतागणों की उपस्थिति मे सम्पन्न होने जा रहा हैं. कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने समस्त कांग्रेस जनो से 10:30 बजे घोघर स्थित कांग्रेस भवन के गरीमामय शिलान्यास कार्यक्रम मे पहुंचने की अपील की हैं.

## अधर्म के पथ को त्याग कर धर्म की रक्षा करनी चाहिए : घनश्यामाचार्य महाराज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 मई, जनता कालेज गेट के पास चल रही श्री मद्भागवत कथा के समापन दिवस पर प्रयागराज व्यासपीठाचार्य श्री मज्जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज अधर्म के पथ का त्याग करना चाहिए और धर्म की रक्षा करनी चाहिए तथा भगवान का नाम हमेशा लेते रहना चाहिए.**



जो कुछ भी मनुष्य को भगवान द्वारा प्राप्त हुआ है उसके लिए भगवान को धन्यवाद देना चाहिए. जिस भी व्यक्ति को गुस्सा ज्यादा आता हो उस व्यक्ति को रोज़ अपने माथे पर चन्दन कुमकुम का टीका करना चाहिए. तिलक लगाने से मनुष्य की शक्ति जागृत होती हैं तथा अच्छे विचार आते हैं मनुष्य की हर समस्या का समाधान ईश्वर के पास होता है, जब तक सनातनी एकजुट रहेंगे तब तक सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा. जब मनुष्य विद्या को रट लेता है तो वह विद्या कभी भी मनुष्य का भला नहीं करती इसलिए विद्या को कभी भी रटना नहीं चाहिए जो व्यक्ति सूर्य उदय होने से पहले उठता है तो उसका भाग्य चमकने से कोई भी नहीं रोक सकता और जो व्यक्ति सूर्य उदय होने के बाद उठते है उनके भाग्य को अस्त होने कोई नहीं रोक सकता है. भागवत कथा के मुख्य यजमान अरुण तिवारी थे. कथा का श्रवण करने लोग पहुंच रहे है.

### बाढ़ नियंत्रण-आपदा नियंत्रण की बैठक आज

**मऊगंज**, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में 26 मई को दोपहर एक बजे से बाढ़ नियंत्रण/आपदा नियंत्रण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है. कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अतिवर्षा बाढ़ की तैयारी की समीक्षा होगी.

## बरसात के पहले नगर निगम नालों से हटाएगा अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 मई, निगम आयुक्त अक्षत जैन ने सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में टीएल पत्रों, विभिन्न विभागीय कार्यों, जल प्रदाय व्यवस्था, वर्षाकाल पूर्व तैयारियों, जर्जर भवनों, अतिक्रमण, बिल्डिंग परमिशन एवं जनहित से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की.**



बैठक में निगम आयुक्त ने शहर में पेयजल की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जल प्रदाय से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा सभी उपयंत्रियों को अपने-अपने वार्डों की जल आपूर्ति व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए. साथ ही निगम आयुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों में नियमित रूप से वाटर सप्लाई नहीं हो पा रही है, वहां टैंकरों के माध्यम से प्रात: 7 बजे के पूर्व जल उपलब्ध कराया जाए, बैठक में वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी वार्ड पार्षदों से समन्वय स्थापित कर जलभराव एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन कर आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं तथा शहर के सभी नालों की व्यापक सफाई 10 जून के पूर्व शत-प्रतिशत पूर्ण की जाए. निगम आयुक्त ने कहा कि जिन नालों के ऊपर किए गए अतिक्रमणों से चोकिंग प्वाइंट बन रहे हैं, उन्हें चिन्हांकित कर हटाने की कार्यवाही की जाए.

### कमिश्नर की टीएल बैठक आज

**रीवा, 25 मई,** कमिश्नर बीएस जामोद 26 मई को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे. बैठक में मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की भी विभागवार समीक्षा की जाएगी. बैठक में गेंहू उपार्जन, पेयजल व्यवस्था, संचारी रोगों से बचाव तथा ई आफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी.

## पंचमठा धाम में कीर्तन के दौरान गिरा विशाल पेड़, बाल-बाल बचे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 मई, रीवा के प्रसिद्ध पंचमठ धाम में उस वक्त हड़कंप मच गया जब मंदिर परिसर में चल रहे कीर्तन के बीच अचानक एक विशालकाय पीपल का वृक्ष मंदिर के ऊपर जा गिरा.**

अचानक हुई इस घटना के दौरान मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे, तभी तेज धमाके जैसी आवाज के साथ पेड़ गिरते ही मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे.

गनीमत रही कि इस बड़े हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई,लेकिन मंदिर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कीर्तन पूरे उत्साह के साथ चल रहा था,तभी अचानक पेड़ भरभराकर गिर पड़ा. माना जा रहा है की अगर कुछ सेकेंड की देरी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था. फिलहाल घटना के बाद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली. लोगों ने प्रशासन से मंदिर परिसर में खतरनाक और जर्जर पेड़ों की जांच कराने की मांग की है,साथ ही रीवा के प्रसिद्ध पंचमठा धाम मंदिर का जल्द पुनर्निर्माण कराने और पूरे परिसर को सुरक्षित तरीके से विकसित करने की मांग भी उठाई है, ताकि भविष्य में श्रद्धालुओं की जान जोखिम में न पड़े. कई पेड़ पचमठा परिसर में लगे है जो कि वर्षो पुराने होने के कारण जर्जर हो गये है.

### गाड़ी हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद

**रीवा, 25 मई,** रीवा शहर से सटे दुआरी में गाड़ी हटाने को लेकर उपजे मामूली विवाद में दों पक्षों के बीच मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई. एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जान से मारने के प्रयास में हमला करने का आरोप लगाया है और मामले की शिकायत चोरहटा थाने में दर्ज कराई. पीड़ित ने दूसरे पक्ष के लोगों से अपनी और अपने परिवार की जान का खतरा बताते हुये कार्यवाही की मांग की है. फिलहाल दोनों पक्षों के बीच हुये विवाद का वीडियो भी सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति बैट से हमला करने का प्रयास कर रहा है.दरअसल मामला चोरहटा थाना क्षेत्र जेपी रोड स्थित दुआरी का है. फरियादी आशीष मिश्रा ने अपनी शिकायत में बताया है कि जब वह अपने घर दुकान जाने के लिये निकला तभी घर के पास ही मोड़ में एक कार खड़ी थी जिसे हटाने का आग्रह करने पर कार मालिक पुष्पेन्द्र मिश्रा ने उसके साथ गाली गलौज करते हुये मारपीट शुरू कर दी. आरोप है कि कार मालिक ने उस पर बैट से हमला करने का प्रयास किया जिसका वीडियो आया है.



## जैन समाज ने मौन जुलूस निकाल कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 मई, शहर के सिविल लाइन थाना अन्तर्गत कलेक्ट्रेट के सामने दो जैन साध्वियों की कार से कुचलने के कारण दर्दनाक मौत हो गई थी. जैन समाज इसे दुर्घटना के बजाय हत्या की वारदात मान रहा है.**

जिसको लेकर पूरे प्रदेश के साथ सोमवार को रीवा में मौन जुलूस निकाला गया. जिसमें बड़े बुजुर्ग से लेकर महिलाएं और बच्चे शामिल रहे. मौन जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा जहा कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई. जैन समाज के प्रतिनिधियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि आर्यिका माताजी (साध्वियां) सड़क के बिल्कुल किनारे शांतिपूर्वक पैदल विहार कर रही थीं. इसके बावजूद कार चालक ने पूरी खाली सड़क को छोड़कर जानबूझकर साध्वियों के ऊपर कार चढ़ा दी और फिर गाड़ी को वापस रोड की तरफ मोड़कर भाग निकला. समाज का साफ कहना है कि यह महज एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि एक सोची-समझी क्रूर हत्या है. पूरे प्रदेश के साथ-साथ रीवा में भी कटरा जैन मंदिर से मौन जुलूस निकाला गया. हाथ में तख्ती लेकर महिलाएं और बच्चे चल रहे थे जिसमें निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की गई.

## खेमसागर तालाब का होगा जीर्णोद्धार, बनेगा घाट : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 मई, गंगा दशहरा प्राचीन काल से जल संरक्षण और जल संवर्धन दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है. गंगा दशहरा पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा जनपद अन्तर्गत ग्राम लोही के पवित्र खेमसागर तालाब में आयोजित जल संरक्षण एवं जल जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए.**



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल संरक्षण अभियान को जन आन्दोलन बनाना है. वर्तमान परिदृश्य में तथा आने वाली पीढ़ी को दृष्टिगत रखते हुए पानी बचाना आवश्यक है. श्री शुक्ल ने कहा कि खेमसागर तालाब का जीर्णोद्धार कार्य कराया जायेगा तथा सुंदर घाट का निर्माण होगा. उन्होंने इस अवसर पर जलपूजन कर गंगा कलश यात्रा में सहभागिता की. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान जी के पवित्र स्थल खेमसागर तालाब से इस अभियान का शुभारंभ हो रहा है. जिससे यह अभियान सफल होगा और रीवा जिले के हर गांव व शहर में जल संरक्षण के कार्य होंगे और जिला संपूर्ण प्रदेश में जल गंगा संरक्षण अभियान में अब्बल होगा. श्री शुक्ल ने कहा कि जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार व संरक्षण के कार्य में आमजनता अधिक से अधिक भागीदारी निभाये और तालाब में उस स्थान की खुदाई की जाय जहां से पानी की आवक हो.

अभी जितनी मेहनत से कार्य होंगे उसके सुखद परिणाम सामने आयेंगे. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जमीन से जितना पानी निकालें उससे ज्यादा पानी जमीन में डालें. श्री शुक्ल ने खेमसागर में विराजमान हनुमान जी के दर्शन किये. इससे पूर्व संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक ने बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर जल बचाने की मुहिम में जन सहयोग आवश्यक है. ग्राम व शहरवासी इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्साले रहे हैं रीवा शहर में उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से पूर्व में ही कई तालाबों का जीर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण हो चुका है.

बीहर रिवर फ्रंट के माध्यम से नदी संरक्षण का कार्य उदाहरण है. कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच नीलेश त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया. इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, राजेश यादव, भूपेन्द्र सिंह सिंह, राजगोपाल मिश्र्चारी, सीईओ जनपद पूनम दुबे, अमित अवस्थी, रश्मी गौतम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे. आभार प्रदर्शन जिला संयोजक जागेश्वर ताम्रकार ने किया.